आगरा कॉलेज, आगरा

ज्ञान परमम् ध्येयम

दिनांकः– 11.07.2025

स्पष्टीकरण/महत्वपूर्ण सूचना

विज्ञापन संख्या AGC/01/2025-26 के अंतर्गत समूह 'ग' के पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 19.07.2026 एवं 20.07.2026 को आयोजित की जाने वाली लिखित परीक्षा केवल चयन पूर्व स्क्रीनिंग (Screening) परीक्षा होगी।

अधिक संख्या में प्राप्त आवेदनों के दृष्टिगत पात्र अभ्यर्थियों का गुणवत्ता युक्त चयन (Shortlisting) करने के उद्देश्य से उक्त स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में सम्मिलित होना अथवा इसमें प्राप्त अंक किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति अथवा अन्तिम चयन का स्वतः कोई अधिकार प्रदान नहीं करेंगे।

स्क्रीनिंग परीक्षा के उपरान्त अभ्यर्थियों का चयन विश्वविद्यालय परिनियमावली एवं उत्तर प्रदेश शासन द्वारा गठित चयन समिति/सक्षम प्राधिकारी द्वारा लागू शासनादेशों, विज्ञापन की शर्तों तथा प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।

संस्था/चयन समिति को आवश्यकतानुसार प्रचलित नियमों एवं शासनादेशों के अनुरूप चयन प्रक्रिया में निर्णय लेने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

स्क्रीनिंग परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार से पूर्व अभिलेखों का सत्यापन कराया जाना अनिवार्य होगा। मूल अभिलेखों के सत्यापन में कोई विसंगति, तथ्य छिपाना अथवा अभिलेख असत्य/अमान्य पाए जाने पर संबंधित अभ्यर्थी का अभ्यर्थन बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त की जा सकेगी।

अंतिम चयन विश्वविद्यालय परिनियमावली द्वारा प्रावधानित एवं गठित चयन समिति द्वारा विज्ञापन की शर्तों, लागू शासनादेशों, वैधानिक उपबंधों एवं प्रचलित नियमों के अनुसार स्क्रीनिंग परीक्षा, कौशल परीक्षण (जहाँ लागू हो), अभिलेख सत्यापन तथा साक्षात्कार/अन्य निर्धारित चयन प्रक्रिया के आधार पर किया जाएगा।

भर्ती प्रक्रिया के संबंध में अंतिम निर्णय लेने तथा आवश्यकतानुसार प्रचलित नियमों एवं शासनादेशों के अनुरूप प्रक्रिया में संशोधन/स्पष्टीकरण जारी करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

11.7.25

प्रो० सी० के० गौतम
प्राचार्य/सचिव, प्रबन्ध समिति
आगरा कॉलेज, आगरा

प्राचार्य/सचिव
Principal/Secretary
प्रबन्ध समिति, आगरा कॉलेज, आगरा
Management Committee, Agra College, Agra